Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to support the poltry farmers affected by Coronavirus.

श्री विनायक भाउराव राऊत (**रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग**): माननीय अध्यक्ष जी, कोरोना वायरस की वजह से सब लोगों को तो तकलीफ हो रही है, लेकिन पूरे देश में पोल्ट्री फार्म का धंधा करने वाले लोगों का पूरा धंधा भी बर्बाद हो चुका है । कोरोना वायरस से आम आदमी जितना परेशान हुआ है, उससे कई गुना ज्यादा पोल्ट्री फार्म का व्यवसाय करने वाले लोग बर्बाद हो चुके हैं । उन्होंने पूरे देश में लाखों मुर्गियां नष्ट कर दी हैं । आम आदमी, जिसका रोज का खाना मुर्गी था, उसने मुर्गी खाना ही छोड़ दिया है ।

मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से यही मांग करता हूं कि इस कारण बड़े और छोटे पैमाने पर पोल्ट्री व्यवसास करने वाले लोगों को सरकार की तरफ से कुछ सहूलियत देने की जरूरत है, इनका सहयोग करने की जरूरत है ।

माननीय अध्यक्ष: श्री श्रीरंग आप्पा बारणे और श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले को श्री विनायक भाउराव राऊत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।